



# भक्ति, सेवा और विकास का संदेश, मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री हुए मंत्र मुग्ध

## महाकाल मंदिर के अन्न क्षेत्र में किया भोजन, श्रद्धालुओं को परोसगारी भी की, 29 किलोमीटर लंबे घाट निर्माण देखकर खुश हुए केंद्रीय मंत्री, मेडिसिटी का नक्शा भी देखा

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री दो दिवसीय प्रवास पर उज्जैन पहुंचे, जहां उन्होंने सिंहस्थ 2028 की तैयारी का भी जायजा लिया। अधिकारियों से आगामी गतिविधियों योजनाओं पर बात की। जिस प्रकार से 30 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन तैयार हो रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे हैं।







महाकाल की नगरी उज्जैन मंगलवार-बुधवार को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेतृत्व की साक्षी बनी। जब भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहर प्रवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं का उज्जैन आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

महाकाल अन्न क्षेत्र में सेवा का अवसर मिलना अपने आप में सौभाग्य की बात है। बाबा महाकाल का आशीर्वाद देश की जनता पर सदा बना रहे और सनातन धर्म का सेवा भाव इसी तरह आगे बढ़ता रहे, यह भावना जेपी नड्डा ने व्यक्त की। इस अवसर पर संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, मध्य प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी भी अन्न क्षेत्र में सेवा में सहभागी बने।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को महाराज वाड़ा स्थित हेरिटेज होटल के रूफ टॉप पर भी ले गए, जहां से बाबा महाकाल के शिखर के दर्शन होते हैं। शिखर दर्शन कर जेपी नड्डा भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जहां ठहराव हो, वहीं से बाबा महाकाल के शिखर दर्शन होना एक अद्भुत और आत्मिक अनुभूति है। मंदिर के इतने निकट रुकना, सुबह-शाम आरती की गूंज सुनना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होना अपने आप में अविस्मरणीय है। बाबा महाकाल आदिकाल से सबको आशीर्वाद दे रहे हैं। प्रवास के दौरान दोनों नेताओं ने उज्जैन में प्रस्तावित मेडिसिटी परियोजना और करीब 29 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र के विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उज्जैन में स्वास्थ्य, पर्यटन और अधोसंरचना के क्षेत्र में बड़े स्तर पर योजनाएं आकार ले रही हैं। जिससे सिंहस्थ 2028 को भी नई मजबूती मिलेगी। इस पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में विकास की नई बयार बह रही है। औद्योगीकरण के साथ-साथ हेरिटेज और संस्कृति को सहेजने का प्रयास सराहनीय है। उज्जैन में आकर उन्नति और पुरातनता का सुंदर समन्वय प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिलता है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने दोनों नेताओं को गतिविधियों की जानकारी दी।

### नड्डा और सीएम ने भोजन प्रसाद किया वितरित, डस्टबिन रखी प्लेट

महाकाल दर्शन के पश्चात भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ महाकाल अन्न क्षेत्र पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने श्रद्धालुओं को स्वयं भोजन प्रसाद वितरित किया और उनसे संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने अन्न क्षेत्र में चल रहे नि:शुल्क भंडारे की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अतिथियों से लेकर श्रद्धालुओं ने जहां स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया और प्रसाद लेने के बाद अपनी प्लेट उठाकर डस्टबिन में डालकर स्वच्छता और समरसता का संदेश दिया, वही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपनी प्लेट भोजन पश्चात डस्टबिन में डाली। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। भंडारे का भाव ही यह सिखाता है कि सभी समान हैं और सहयोग से ही व्यवस्था चलती है।

### महाकाल दर्शन और हेरिटेज होटल काअवलोकन

उज्जैन प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार देर रात्रि भी बाबा महाकाल की संध्या आरती में सहभागिता की और महाकाल मंदिर के समीप स्थित महाराज वाड़ा में विकसित सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल में रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें इस हेरिटेज होटल का अवलोकन कराया और बताया कि यह भवन पूर्व में विद्यालय था, जिसे पर्यटन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कर भव्य हेरिटेज होटल का स्वरूप दिया गया है। इससे उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं के साथ ऐतिहासिक विरासत का अनुभव भी मिल सकेगा। यह हेरिटेज होटल उज्जैन के गौरवशाली इतिहास और पुरातन परंपराओं का साक्षी बनकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

## एक नजर में



### शहीद माता पिता से कराया ध्वज पूजन

**उज्जैन।** जात पात में कोई भेद नहीं, राष्ट्र से बढ़कर कोई श्रेष्ठ नहीं को सार्थक करने के प्रयास को लेकर स्वर्णिम भारत मंच के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन के कार्यक्रम के लिए मंगलवार को गई। शहीद भास्कर पांडे के माता पिता के हाथों व पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम स्थल बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड राष्ट्र ध्वज पूजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्णिम भारत मंच के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन का 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक बीमा हॉस्पिटल परिसर में हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के प्रधान यजमान भगवान श्री चिंतामन गणेश होंगे। पंडित अर्जुन गौतम के मुखारविंद से सात दिनों तक कथा का श्रवण भक्त करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा समन्वयक शकेब अख्तर कुरैशी ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर अवसर पर शेष नारायण श्रीवास्तव, संजय कुमार, रक्षा अष्ठाना आदि उपस्थित रहे।



### दूध तलाई गुरुद्वारे में कार्यक्रम आरंभ

**उज्जैन।** सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंघ महाराज का पांच दिवसीय प्रकाश पर्व के उपलक्ष में इस संबंध में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा, दूध तलाई, उज्जैन में कार्यक्रमों की श्रृंखला का आरंभ 23 दिसंबर को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 9.30 बजे अखंड पाठ साहिब के भोग के साथ हुई और उसके पश्चात अमनदीप सिंह विशेष ने कथा और कीर्तन की हाजरी भरी। सिख समाज के एसएस नारंग ने बताया कि कथा में गुरबाणी की व्याख्या की। इस मौके पर गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंघ गांधी, सुरजीत सिंघ डंग, सुरेन्द्र सिंघ नारंग, जसविंदर सिंघ ठकराल, जसवंत सिंघ मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन और समाज के अन्य वरिष्ठ भी उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बालिकाओं ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** सीडब्ल्यूएसएन दिव्यांग बालिका छात्रावास देवास की लगभग 40 बालिकाओं ने भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ प्राप्त किए। इस अवसर पर छात्रावास के प्रतिनिधि ने श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति का अत्यंत आभार व्यक्त किया एवं दिव्यांग बालिकाओं ने दर्शन उपरांत अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की।

## जमीन विवाद में नाबालिग भतीजे की चाकू घोंपकर हत्या

**उज्जैन। आगर जिले के बड़ौद में सोमवार को प्लॉट के विवाद में 17 साल के भतीजे को बड़े पापा ने अपने पुत्र के साथ मिलकर चाकू घोंप दिया। चाकू पेट में फंस गया था। परिजन उपचार के लिए आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जैसे ही चाकू निकाला नाबालिग की मौत हो गई।**

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि बड़ौद के गिलोरी में रहने वाले बहादुर पिता बालूसिंह सिसौदिया 17 वर्ष को सोमवार दोपहर उज्जैन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लाया गया था। नाबालिग बहादुर के पेट में चाकू फंसा हुआ था। डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर चाकू निकाला। लेकिन कुछ देर बाद ही नाबालिग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। आज सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान बड़ौद पुलिस भी उज्जैन पहुंच गई थी। मृतक नाबालिग के परिजनों ने बताया कि बहादुर के पिता ने बड़े पापा कनीराम से प्लॉट खरीदा था जिसके रुपए भी पूरे दे दिए गए थे। बहादुर सोमवार को प्लॉट पर गया था।

जहां मकान बनाने के लिए गड्ढे खुदवाने थे। लेकिन बड़े पापा कनीराम ने विरोध शुरू कर दिया और प्लॉट उनका होना बताने लगे। बहादुर ने प्लॉट के रुपए देने की बात कही। जिसके चलते विवाद बढ़ गया। बड़े पापा कनीराम ने अपने पुत्र सुजानसिंह के साथ मिलकर बहादुर के साथ मारपीट का प्रयास किया। बहादुर जान बचाकर भागने लगा। उसी दौरान कनीराम और उसका पुत्र बाइक पर सवार होकर पीछे से आ गए और बहादुर को पकड़ लिया। सुजानसिंह ने दोनों हाथ पकड़े थे वहीं बड़े पापा कनीराम ने पेट में चाकू घोंप दिया। बहादुर घायल होकर गिर पड़ा। परिजन जानकारी मिलते ही उसे बड़ौद अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से आगर रैफर किया गया। आगर में भी डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उज्जैन रैफर कर दिया। परिजन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। चिमनगंज पुलिस ने अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। हत्या की जानकारी लगने पर बड़ौद पुलिस भी उज्जैन पहुंच गई थी।

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म में भाई-बहन गिरफ्तार

उज्जैन। नीलगंगा थाने के पास कालोनी में रहने वाली 14 साल की नाबालिग 8 दिन पहले लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। रविवार रात नाबालिग को दस्तयाब कर लिया गया। एसआई मनोहर बड़ोदिया ने बताया कि नाबालिग के बयान दर्ज करने पर उसके साथ शारीरिक शोषण की जानकारी सामने आई। जिसके चलते इंदौर के समाजवाद नगर में रहने वाले सचिन पिता मनोहर और उसकी बहन सोनम पति राजकुमार निवासी कालापीपल शाजापुर को गिरफ्तार किया गया है और शोषण की धारा का इजाफ किया गया। सचिन नाबालिग को अपने साथ ले गया था और बहन के घर ले जाकर उसका शोषण किया। उसने नाबालिग की मांग भरकर पत्नी भी बना लिया था। नाबालिग के शोषण में उसकी बहन ने भी सहयोग किया। सोमवार को नाबालिग का शोषण करने वाले को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसकी बहन को जेल भेजा गया है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग के रिश्तेदार इंदौर में रहते है, जहां उसका आना-जाना था उसी दौरान पहचान हुई थी।

## गोल्ड लोन के नाम पर 11 .30 लाख की धोखाधड़ी करने वाला रिमांड पर

### मामला मणप्पपुर गोल्ड फायनेंस कंपनी का

**उज्जैन।** मणप्पपुर गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ 11.30 लाख का आरटीजीएस कराकर धोखाधड़ी करने के मामले में फरार एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है उसके राजगढ़ निवासी साथी की तलाश जारी है।

16 दिसंबर को मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस की मैनेजर संध्या द्वारा माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 2 लोगों द्वारा आईआईएफएल बैंक में चल रहे गोल्ड लोन को उनकी फायनेंस कंपनी में ट्रांसफर कराने की बात कहते हुए कुछ रसीदे दिखाई थी और 11.30 लाख का आरटीजीएस करा लिया था। उनकी रसीदे फर्जी होना सामने आई है। आरटीजीएस कराने वाला रामगोपाल निवासी राजगढ़ और उसका साथी अंशुल डांगी निवासी विदिशा थे। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया था। रविवार रात गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ धोखाधड़ी में शामिल एक आरोपी अंशुल डागी को गिरफ्तार कर लिया गया। एएसआई धर्मेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके राजगढ़ निवासी साथी रामगोपाल की तलाश जारी है। गिरफ्त में आये आरोपी से पूछताछ की फर्जी रसीदों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होने जिस खाते में आरटीजीएस की राशि ट्रांसफर कराई थी, उक्त खाते को होल्ड कराया गया है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा, जिसके प्रयास जारी है।

## फिल्म राहु केतु का नया गाना लॉन्च



**उज्जैन।** दर्शकों के बीच फिल्म राहु केतु को लेकर खासा उत्साह है। इसके प्रमोशन के सिलसिले में पुल्कित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे उज्जैन पहुंचे। सभी कलाकार मीडिया से रूबरू हुए और फिल्म को लेकर अपने अनुभवों के बारे में सभी ने खुलकर बातचीत की। उज्जैन में फिल्म का नया गाना किस्मत की चाबी भी रिलीज़ किया गया और अब यह सभी प्लेटफॉर्म्स पर धूम मचा रहा है। पॉप स्टार राजा कुमारी और अभिनव शेखर की आवाज़ में और संगीत व बोल भी अभिनव शेखर के हैं। यह गाना मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में लॉन्च किया गया। विपुल गर्ग द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत राहु केतु ज़ी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस की फिल्म है। राहु केतु 16 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ला व सुप्रीम कोर्ट जस्टिस महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए

**उज्जैन।** मप्र के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मंगलवार को उज्जैन प्रवास के दौरान अल सुबह महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली भी भस्मारती में शामिल थे। दर्शन उपरांत दोनों ने मंदिर के गर्भगृह के बाहर से बाबा के दर्शन, पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक प्रतीक द्विवेदी ने उप मुख्यमंत्री शुक्ला व सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पंचोली का स्वागत किया। दोपहर में दिव्यांग बालिका छात्रावास देवास की लगभग 40 बालिकाओं ने भी भगवान महाकाल के दर्शन लाभ प्राप्त किए।



## आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। अंकपात मार्ग स्थित विनोद चोपड़ा के भूखंड क्रमांक 143 पर भवन निर्माण की अनुमति निरस्त किए जाने के विरोध में भवन स्वामियों ने नगर निगम गेट पर प्रदर्शन कर नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधिवत अनुमति दिए जाने के बाद बिना किसी ठोस आधार के भवन निर्माण की अनुमति निरस्त की गई, जो कि नियम विरुद्ध है।

## उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष व टीम का नारायणा धाम में किया स्वागत

**उज्जैन।** श्रीकृष्ण सुदामा मन्दिर ग्राम नारायणा धाम प्रथम आगमन पर प्रेसक्लब के नव निवार्चित अध्यक्ष नंदलाल यादव, उपाध्यक्ष उदय सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र भूतड़ा, रामचन्द्र गिरी, वरिष्ठ पत्रकार गणपत सिंह चौहान, सतीश गौड़, अमर शंकर जोशी, मनीष पांडे, अजय सिंह ठाकुर, रवि नरवरिया को साफा बांध कर एवं श्रीकृष्ण जी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और पधारे हुए सभी मीडिया के साथियों को मन्दिर परिसर में 24 दिसंबर से प्रारंभ होकर 28 दिसंबर तक होने वाले पंचकुंडीय महा यज्ञ एवम् श्रीमद्भागवत



कथा में पधारने का निमंत्रण भी दिया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति परिवार के मुख्य सदस्यों केशर सिंह पटेल, डॉ. मोहन शर्मा, मोतीराम चौधरी, विक्रम सिंह आंजना, पं. दौलत राम शर्मा, अंकित शर्मा, संदीप आंजना, संजय आंजना बलौदा, अंतर सिंह आंजना, गोपीलाल आंजना, संजय पटेल, सेवाराम आंजना, डॉ. भवानी शंकर शर्मा, संदीप शर्मा, केशर सिंह आंजना, ईश्वर शर्मा, कैलाश सैन, अमर सिंह, भरत चौधरी, विकास, गोविन्द आदि उपस्थित रहे।

**क्रिसमस पर्व ...** आज रात 11 .30 बजे होगी विशेष प्रार्थना

## मानव जाति को पाप से छुड़ाने के लिए हुआ था प्रभु यीशु का जन्म : आर्च विशप

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। ईसाई समुदाय के सबसे बड़े पर्व क्रिसमस को लेकर मंगलवार को कैथोलिक चर्च में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। धर्मगुरु आर्च विशप ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु का जन्म मानव जाति को पाप से छुड़ाने के लिए हुआ था। प्रभु यीशु परमेश्वर का पुत्र है, जो हमारे लिए इंसान बनकर धरती पर आया।**





क्रिसमस पर्व प्रभु यीशु के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व ईसाई समुदाय द्वारा मनाया जाएगा। इससे पहले कैथोलिक चर्च में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। आर्च विशप सेबास्टियन वडक्कल ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस पर्व मानवता को गौरवांवित करता है। प्रभु यीशु परमेश्वर का पुत्र है उसने मानव बनकर धरती पर इसलिए जन्म लिया कि वह मानव को पापों से छुड़ा सके। प्रभु यीशु पूरी मानव जाति के लिए जन्म लिया है। ईश्वर इसलिए भी मनुष्य बन गया, कि मनुष्य के पास उसकी पूर्णता में जीवन है। तीसरी शताब्दी के एक महान ऋषि, इरेनायस ने कहा ईश्वर की महिमा पूरी तरह से जीवित है। धर्मगुरु ने कहा कि क्रिसमस की तैयारी कैथोलिक चर्च में चल रही है। आप सभी को क्रिसमस पर्व की बहुत-बहुत बधाई। मंगलवार को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले रविवार को कैथोलिक चर्च से प्रभु यीशु के जन्म संदेश यात्रा का जुलूस निकाला गया था। जो शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरा था। क्रिसमस का उत्साह आज रात 11.30 बजे से कैथोलिक चर्च में शुरू होगा। सबसे पहले विशेष प्रार्थना सभा होगी रात 12 बजे से ही प्रभु यीशु के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा और चर्च परिसर में ही जुलूस निकाला जाएगा। जन्म उत्सव के बाद चर्च प्रांगण में देर रात तक जश्न में समाज जन झूमते नाचते एक दूसरे को प्रभु यीशु के जन्म की बधाई देंगे। 25 दिसंबर की सुबह एक बार फिर प्रार्थना सभा होगी और शाम को धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**जैन बाल संस्कार पाठशाला में लगा बाल मेला-उज्जैन।** श्री महावीर जैन स्थानकवासी न्यास सुभाष नगर उज्जैन द्वारा संचालित जैन बाल संस्कार पाठशाला द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में एंटरटेनमेंट जोन, शॉपिंग जोन, फूड जोन, सेल्फीपॉइंट, जंपिंग झूला प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेशमबाई राठौर, सुशीलबाई चौरड़िया एवं प्रवीण चौरड़िया थे। इनके कर कमलों से फीता खोलकर मेले का उदघाटन किया गया।


### कार्यालय कलेक्टर (कालोनी सेल) जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक/का सेल / 2025/837 — उज्जैन दिनाक 17/12/2025

/ / विज्ञप्ति //

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद द्वारा चंदेसरा जनपद पंचायत उज्जैन, तह. उज्जैन जिला उज्जैन में कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है।

| क्र. | कालोनाईजर का नाम एवं पता | स्थान जहाँ के लिये विकास अनुमति जारी की गई है। | घरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखण्डों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक / कालोनाईजर श्री आनन्द बांगड पिता श्री कृष्णकांत बांगड़ एवं श्रीमती मंगला पति आनन्द बांगड निवासी उज्जैन | ग्राम चंदेसरा, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क्र. 89/1 रकबा 1.85 हेक्टेयर 89/2 रकबा 1.00 हेक्टेयर, 91/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर में से 0.404 हेक्टेयर 091/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर में 0.073 हेक्टेयर 91/3 रकबा 1.26 हेक्टेयर एवं 91/4 1.00 हेक्टेयर कुल रकबा 7.510 हेक्टेयर में से 5.587 हेक्टेयर पर आवासीय कालोनी (रेसीडेंसियल टाउनशिप) | भूखण्ड क्रमांक 10, 11, 12 14, 15, 22, 23, 31 व 32 कुल भूखण्ड संख्या 9 कुल क्षेत्रफल 9208.38 वर्गमीटर |

उपरोक्त कॉलम नम्बर-4 में उल्लेखित भूखण्ड उपपंजीयक कार्यालय उज्जैन में बंधकर्ता कॉलोनाइजर श्री आनन्द बांगड पिता श्री कृष्णकांत बांगड एवं श्रीमती मंगला पति आनन्द बांगड निवासी उज्जैन एवं बंधकग्रहिता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन ग्रामीण द्वारा पंजीकृत धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त बंधक भूखण्डो का क्रय / विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

सक्षम प्राधिकारी
कालोनी सेल, जिला उज्जैन